# दुकानों का हटाया शेड, कुंज को नपा का अभयदान

## नोटिस के बाद भी सोसायटी की भूमि पर तन रही ईमारतें

**बीच शहर में रेत के अवैध भण्डारण पर भी लगाम नहीं**

**नपा ने अभय कुंज को नोटिस भेज कलेक्टर को भेजा प्रतिवेदन**

गुरूवार को 181 की शिकायत के निराकरण हेतु नपा ने शराब दुकान क्रमांक 2 के बगल से सिर्फ चार दुकानों के शेड अतिक्रमण की श्रेणी में रख उन्हें हटा दिया, जबकि पूरी लाईन इसी तरह के शेड से भरी हुई है, वहीं वार्ड नंबर 23 में अभय कुंज के संचालक के खिलाफ सोसायटी की भूमि पर अवैध निर्माण की शिकायत के बाद सिर्फ नोटिस और कलेक्टर प्रतिवेदन भेज नपा ने दोहरा चरित्र दिखाया।





शहडोल।

नगर पालिका के सीएमओ स्थानीय रसूखदारों के दबाव में अपनी नौकरी कर रहे हैं, गुरूवार की शाम जब नगर पालिका का बुलडोजर शराब दुकान क्रमांक-2 के बगल से स्थित 4 दुकानों का शेड तोडऩे पहुंचा तो, उस दौरान शायद खुद अक्षत बुंदेला इससे अंजान थे, हालाकि उन्हें इस बात की जानकारी पूरी तरह से थी कि वार्ड नंबर 23 में विनय तिवारी बिना अनुमति के दर्जनों भवनों का निर्माण एक साथ करा रहे हैं, पहले मामले में की शिकायत 181 में की गई थी, एआरआई का कहना था कि शेड फुटपाथ के ऊपर है, इसलिए शिकायत के निराकरण हेतु चार दुकानों का शेड हटाया जा रहा है, अलबत्ता उन चार दुकानों के अगल-बगल दूर-दूर तक फुटपाथ के ऊपर फैले हुए शेड शोभाएमान थे। दूसरे मामले में शिकायत नगर पालिका सहित कलेक्टर को लिखित में दी गई, मामले की मौके पर जांच की गई और बिना अनुमति निर्माण होने के कारण नोटिस देकर काम जारी रखने की मौन सहमति दे दी गई।

### कुंज को इस शिकायत पर मिला अभयदान

नगर पालिका शहडोल के वार्ड नंबर 23 अभय कुंज बुढ़ार रोड शहडोल में विनय तिवारी पिता स्व. आर.पी. तिवारी के द्वारा अवैध रूप से कालोनी निर्माण बिना कालोनाइजर रजिस्ट्रेशन एवं सक्षम अधिकारी द्वारा कालोनी विकास अनुमति प्राप्त किये बिना ही कार्य शुरू किया गया, निर्माण कार्य ग्राम सौखी खसरा नंबर 15/92/1/1/1/1/1/1/1 में किया गया। शिकायत में उल्लेख किया गया कि कालोनी विकास नियम 2022 के बाद कालोनी निर्माण म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 339-क से 6 तक तथा म.प्र. नगर पालिका कालोनी विकास नियम 2021 के भाग तीन, नियम 22 के अंतर्गत म.प्र. नगर पालिका कालोनी विकास नियम 2021 व नवीन संशोधन के नियम 23 और 24 का स्पष्ट रूप से उल्लंघन किया जा रहा है। मौके पर शिकायत से पहले और नपा की जांच के दौरान व नोटिस देने के बाद आज भी निर्माण खुलेआम चल रहा है।

### गुम हो गये सोसायटी-कालोनी के भू-खण्ड

कांग्रेस नेता स्व. शिवकुमार नामदेव के साथ संजय गांधी हाउसिंग सोसायटी में आर.डी.शर्मा उनके सहयोगी बने, मुख्यालय का एक बड़ा भू-भाग सोसायटी के नाम पर कालोनी बनाने के लिए आवंटित करवाया गया, इसमें सिंधी समाज के मानिक चंद्र को शामिल किया गया और स्थानीय सिंधियों को भू खंड आवंटित करवाए गए। इसके बाद इस सोसायटी का नाम सिंधी कालोनी रखा गया। समय ने करवट बदली, आज श्री नामदेव इस दुनिया में नहीं है और उनके पीछे इस कालोनी के लिए आवंटित भू-खंडों पर निर्माण कार्य जारी है। यह मामला जब सामने आया तो संजय गांधी हाउसिंग सोसायटी में पार्क,स्कूल और मंदिर के नाम आवंटित भू-खंड भी खोजे जाने लगे साथ ही जिन चौड़े-चौड़े मार्गो के लिए कॉलोनी के बीच की जमीन रिक्त की गई थी। वह रकवा भी न सिर्फ सिकुड़ गया, बल्कि समय के साथ साथ मौके से गायब भी हो गया, रिकार्ड बताते है की एक नाला भी था जो मुख्य सडक़ पार कर मुक्तिधाम की और से आया या गया है, वह भी सिकुड़ कर रह गया। वहीं प्रतापीलाल भू-खंड के मालिक बन वहां मॉल बनवा रहे हैं, तो कुछ रकवा मुफ्त में नेता को भेंट में दे दिया।

### इनका कहना है

निर्माण स्थल के भू-खण्डों का स्वामित्व किनका है, निजी या सोसायटी की भूमि के अलावा निर्माण की अनुमति नपा और टीएनसीपी से ली गई या नहीं, इन तमाम बिन्दुओं पर जांच कराई जायेगी।

**अरविंद शाह**
**एसडीएम, सोहागपुर**


शहर में बिना अनुमति हो रहे निर्माण को कतई बर्दाशत नहीं किया जायेगा, अवैध कालोनाइजर, अवैध निर्माण व अनुमति से दिगर निर्माण आदि के जांच के आदेश दिये जायेंगे।

**तरूण भटनागर**
**कलेक्टर, शहडोल**

---

**खबर संक्षेप**

### 205 नर्सिंग स्टॉफ के रूके वेतन को लेकर सक्रिय हुआ प्रबंधन



**शहडोल।** मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग ऑफिसर्स की वेतन नहीं होने का विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसियेशन की टीम लगातार समय से वेतन भुगतान की मांग को लेकर अड़ा हुआ है। इस बीच मेडिकल कॉलेज के डीन ने कहा है कि इस पूरे मामले में उनकी कोई गलती नहीं है। डीन रामटेके के अनुसार भोपाल वालों की गलती के कारण शहडोल के 205 नर्सिंग ऑफिसर्स का वेतन भुगतान नहीं हो पा रहा है।

**एक से तीन तारीख के बीच मिलेगा वेतन** – नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष मेरीना दास एवं अन्य नर्सिंग ऑफिसर्स द्वारा 16 जुलाई को मेडिकल कॉलेज के डीन से मुलाकात की गई थी, जिसमें 205 नर्सिंग ऑफिसर्स का वेतन समय से नहीं आने के कारण आ रही परेशानियों के बारे में अवगत कराया था, मेरीना दास व अन्य ने बताया कि वेतन न आने से बैंकों की किश्त भरने में दिक्कत आ रही है, चेक बाउंस हो रहे है, बच्चों की फीस नहीं दे पा रहें हैं, बाहर रहने वालों को रुम रेंट की दिक्कत हो रही है तथा जिनका किसी भी प्रकार का कोई इलाज चल रहा है, उसमें भी अत्याधिक परेशानी हो रही है। जिसके बाद डीन ने जल्द ही समस्या निराकरण कर एक से तीन तारीख के बीच वेतन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

### करोड़ों के बजट के बावजूद एक्स-रे फिल्म का रोना



**शहडोल।** कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय में हर माह व्यवस्थाओं को दुरूस्त और सुधार के नाम पर लाखों का बजट खर्च हो रहा है, बावजूद चिकित्सालय में होने वाले एक्स-रे की फिल्म का रोना आज भी बना हुआ है। बीते वर्ष इस मामले में शिकायतें और खबरों के प्रकाशन के बाद एक्स-रे फिल्म की व्यवस्था की गई थी, लेकिन वह कोरम पूरा करने जैसे ही रही, एक्स-रे विभाग में लगे कर्मचारियों से आये दिन मरीज और उनके परिजनों का इस बात को लेकर विवाद हो रहा है कि उन्हें एक्स-रे फिल्म नहीं दी जाती और फिल्म देखने के लिए आधे से अधिक मरीजों के पास एनरॉइड मोबाइल नहीं होती। यह भी परेशानी सामने आई कि जिन मरीजों के पास ऐसी मोबाइल उपलब्ध है, उन्हें लगातार अपनी मोबाइल से कर्मचारियों द्वारा फिल्म उपलब्ध कराना परेशानी का सबब है।

**लाखों का बजट, प्रबंधन की चुप्पी** – अस्पताल से जुड़े सूत्र बताते हैं कि एक्स-रे मशीन के रख-रखाव से लेकर कर्मचारियों के पारिश्रमिक व एक्स-रे फिल्म आदि के लिए पर्याप्त बजट रहता है, लेकिन प्रबंधन ठीक ढंग से न होने के कारण इस तरह की स्थिति निर्मित हो रही है, यह भी बताया जा रहा है कि एक्स-रे फिल्म क्रय तो की जाती है, लेकिन वह सिर्फ कागजों में तक ही सीमित रहती है। इस मामले में मरीजों की परेशानी और आये दिन होने वाली चिकचिक की जानकारी अस्पताल प्रबंधन को भी है, लेकिन इस समस्या के निराकरण की जगह उसे चुप्पी साधी जा रही है।

### आंगनबाड़ी भवन निर्माण का विधायक ने किया भूमि पूजन



**शहडोल।** जिले के जयसिंहनगर विधानसभा के जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरा में प्रधानमंत्री जन मन योजना अंतर्गत नवीन आंगनवाड़ी भवन निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम जयसिंहनगर विधानसभा विधायक श्रीमती मनीषा सिंह द्वारा किया गया।

---

# नर्मदा बांध सिंचाई परियोजना के विरोध में मुखर हुए हजारों ग्रामीण



शहडोल।

27 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आने वाले 50 हजार से अधिक जन संख्या के लिए अपर नर्मदा बांध सिंचाई परियोजना शोभापुर, खेतगांव की योजना को तत्काल निरस्त करने की मांग ग्रामीणों द्वारा की गई है, गौरतलब है कि डिण्डौरी और उमरिया जिले की सीमा पर स्थित 27 पंचायतें इसकी जद में आ रही है, जिसमें 17 पंचायतें डिण्डौरी एवं 10 पंचायतें अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ ब्लाक की हैं, गुरूवार को इन ग्रामों के दर्जनों नागरिकों ने क्षेत्रीय सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह से मुलाकात कर प्रस्तावित परियोजना को तत्काल निरस्त करने की मांग की, रविवार को इस मामले को लेकर बेनीबारी और इससे सटे क्षेत्र में हजारों ग्रामीण वृह्द आंदोलन की तैयारी में भी हैं।

### बांध बिना, हम सुकून में

ग्रामीणों ने क्षेत्रीय सांसद से मुलाकात कर उन्हें मांग पत्र सौंपा, उन्होंने बताया कि अपर नर्मदा बांध परियोजना के अंतर्गत डूब क्षेत्र में आने वाली 27 पंचायतों में 50 हजार से अधिक आदिवासी निवासरत है, जो पूरी तरह से कृषि पर निर्भर है, जिस भूमि को चिन्हित किया गया है, वह पूरी तरह से काली मिट्टी और उपजाऊ वाली भूमि है, उन्होंने बताया कि आदिवासी बाहुल्य ग्राम 5 वीं अनुसूची के अंतर्गत आने के साथ ही यहां पेसा अधिनियम 2022 लागू है, सभी पंचायतों ने एक मत होकर क्षेत्र की भूमि अधिग्रहण न करने के प्रस्ताव पारित किये हैं। बांध परियोजना के लिए अन्य कहीं पर बंजर भूमि को चिन्हित किया जाये, आदिवासी काश्तकार इसका खुलकर विरोध करते हैं और इसके बिना ही सुकून से हैं।

### यह है अपर नर्मदा बांध परियोजना

ग्रामीणों ने बताया कि भारत शासन पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के द्वारा नर्मदा उद्गम स्थल से 70 किलोमीटर दूर परियोजना प्रस्तावित की गई है, जिसकी कुल लंबाई 2120 मीटर तथा ऊंचाई 33.80 मीटर होगी, इसके जल के लिए 1174.83 क्षेत्र अधिग्रहित होना है, इसमें डिण्डौरी जिले के शोभापुर, परसवाह, पथरकुचामाल सहित 17 पंचायतें शामिल हैं, वहीं अनूपपुर जिले की पुष्पराजगढ़ जनपद के खेतगांव, ठाठपाथर, घाटा, देवरी, रौसरखार, पुर्गा सहित 10 पंचायतों को चिन्हित किया गया है। विभाग और शासन ने इसके लिए तैयारी लगभग पूरी कर ली है।

---




# रोटरी क्लब द्वारा सिल्लू रजक किये गये सम्मानित

**शहडोल।** रोटरी क्लब द्वारा अपनी कार्ययोजना अनुसार शहडोल-कटनी हाईवे के पास जय विलाश पैलेस में समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शहर की अनेक सम्मानित नागरिको ने शिरकत की। स्वास्थ्य, चिकित्सा, सामाजिक कार्यकर्ता, मीडिया तथा प्रत्येक सामाजिक कार्यों से जुड़े समाजसेवी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सामाजिक क्षेत्रों में एवं विभिन्न अवसरों पर अपनी अहम भूमिका निभाते हुए नगर को गौरव प्रदान करने वाले नागरिकों को सम्मानित किया गया। वार्ड पार्षद सिल्लू रजक को सामाजिक क्षेत्र में उनके द्वारा किये गये जनसेवा कार्य, गौसेवा तथा उत्कृष्ट रक्तदाता के तौर पर सम्मानित किया गया। पार्षद सिल्लू रजक द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में हमेशा लोगों की सहायता करते हुए जनसेवा का कार्य किया गया है। इसके अलावा गौसेवा कार्य में भी सदैव आगे रहे हैं। शहरी क्षेत्र के अलावा अन्य किसी भी जगह से यदि किसी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता होती है तो, सिल्लू रजक द्वारा तत्परता से उन्हें रक्त उपलब्ध कराया है। कई बार विपरीत परिस्थिति होने पर भी अपना मानवीय कर्तव्य निभाते रहे हैं और नगर को गौरवान्वित किया है। रोटरी क्लब द्वारा आयोजित इस समारोह में सम्मानित किये जाने पर पार्षद सिल्लू रजक ने प्रसन्नता जाहिर की तथा उपस्थित सभी विभूतियों तथा सम्मानित नागरिकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि ईश्वर की कृपा और आप सभी के स्नेह आशीर्वाद से कुछ अच्छा करने के लिए हमेशा प्रयास करता हूं। आप सभी का स्नेह ऐसे ही बना रहे। समारोह की अध्यक्षता नगर के प्रथम नागरिक नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जयसवाल, अखिल मिश्रा, डिस्टिक गवर्नर नवनीत, अध्यक्ष संजय शर्मा, सतेंद्र सोनी, दीपक कुशवाहा, अमित बंटी गुप्ता, अमित गुप्ता एवं इस समारोह में सभी गणमान्य नागरिक, अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

---



# बच्चों के हक का खाना खा रहे समूह संचालक

## मध्यान्ह भोजन में भारी अनियमितताएं

**बिरसिंहपुर पाली।** जिले के बिरसिंहपुर पाली विकास खण्ड अंतर्गत घुनघुटी क्षेत्र के अमिलिहा, धौरई, हथपुरा, चाका अंतर्गत माध्यमिक प्राथमिक शाला स्कूल में निर्धारित मीनू के आधार पर छात्र-छात्राओं को गुरुवार के दिन मीनू के अनुसार पकौड़े वाली कढ़ी के साथ चावल देना था, लेकिन यहां बच्चों को पंनचुचरी दाल और चावल से ही संतुष्ट कर दिया जाता है, यहां गुणवत्ता विहीन वाले भोजन कराया जाता है, जबकि स्कूल में करीब 60 से 70 बच्चों को सफेद चावल एवं निम्न गुणवत्ता वाले सब्जी देकर मध्यान्ह भोजन की औपचारिकता पूरी कर दी जाती है। स्थानीय ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों ने आक्रोश जताते हुए कहा विद्यालय संचालन में अनियमितताओं व मध्यान्ह भोजन के नाम पर विभाग खाना पूर्ति कर रहा है, मध्यान्ह भोजन में उपयोग होने वाली सामग्रियां जो गुणवत्ता विहीन एवं घटिया किस्म की है, साथ ही उन्होंने कहा कि खाना निम्न स्तर का बनाया जाता है, जिसमें गुणवत्ता विहीन नमक, तेल एवं मसाले का इस्तेमाल किया जा रहा है।

**नहीं बनता मध्यान्ह भोजन** – बिरसिंहपुर पाली अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला स्कूल चाका में महीनो से मध्यान्ह भोजन बंद है, जबकि यहां 40 से 50 बच्चे स्कूल में शिक्षा ग्रहण करते हैं, लेकिन उनके हक का खाना समूह संचालक से लेकर अधिकारी तक खा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के स्कूल में मध्यान्ह भोजन कई महीनो से बंद है, हमने इसकी शिकायत भी की, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई।



**बैठने की जगह न नहीं** – बच्चों को खाना खाते समय दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, बच्चों द्वारा बताया जा रहा है कि हमारे बैठने की लिए जहां बना था, वहां बड़े-बड़े घास चारा जम चुका है, जिससे आए दिन वहां सांप, बिछी जैसे जानवर निकलते हैं, तभी हम स्कूल के ऊपर बैठकर खाना खाते हैं। इतना ही नहीं बच्चों ने बताया कि यहां पानी-पीने की भी व्यवस्था नहीं है, हैंडपंप बिगड़ा हुआ है, हम अपने घर से पानी की बोतल लेकर आते हैं, तभी पानी पी पाते हैं।

**स्कूलों में भारी अनियमितताएं**- क्षेत्र के माध्यमिक, प्राथमिक स्कूलों में इन दिनों मध्यान्ह भोजन को लेकर जगह-जगह चर्चा का विषय बना हुआ है, बताया जा रहा है कि समूह संचालक द्वारा कटौती की जाती है, इतना ही नहीं यहां मंगलवार को पूरी सब्जी देना अनिवार्य है, लेकिन यहां पूडी सब्जी भी बच्चे देखने को तरस रहे हैं, यहां आए दिन दाल-चावल से ही बच्चों का पेट भर दिया जाता है और दाल-चावल भी ऐसा कि आप तस्वीरों को देखकर अंदाजा लगा सकते हैं, यहां समूह संचालक से लेकर जनपद पर बैठे अधिकारी अपने हिस्से बांटने पर लगे हैं, अब देखना होगा कि समूह के मध्यान्ह भोजन से जुड़े अधिकारी इन पर क्या कदम उठाते हैं।

---

# वन से बना जीवन, वन को न काटो भाई

## काव्य समागम के साथ हुआ एक पौधा "मां" के नाम पौधरोपण

शहडोल ।

प्राचीन संस्कृति को सहेजने एवं विलुप्त होती प्रथाओं, वाद्ययंत्रों को सहेजने के साथ छुपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाने का कार्य करने वाली संस्था बढ़ते कदम परंपरागत संस्कृति एवं साहित्य शोध समिति के तत्वाधान में काव्य समागम एवं माँ के नाम एक पौधा पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । यह आयोजन जिला प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर में 17 जुलाई को आयोजित किया गया । आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग पंडित एसएनएस यूनिवर्सिटी शहडोल डॉ नीलमणि दुबे जी, प्रोफेसर सुनीता सिंह मरकाम शासकीय इंदिरा गांधी महाविद्यालय हिंदी विभाग, वरिष्ठ साहित्यकार रामसखा नामदेव,जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य रमाशंकर गौतम, नगर के वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ ए के श्रीवास्तव, बढ़ते कदम परम्परागत संस्कृति एवं साहित्य शोध समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ गोपाल प्रसाद निगम , प्रदेश महामंत्री संगीता शुक्ला ,बढ़ते कदम की जिला अध्यक्ष श्रीमती किरण सिंह शिल्पी, उपाध्यक्ष उमा सिंह, कार्यक्रम संयोजक पवन पांडेय मंचासीन रहे । आयोजन का प्रारंभ मां सरस्वती को पुष्प अर्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ । इसके पश्चात डी एड प्रथम वर्ष के छात्र प्रणव पांडे एवं छात्र अंशिका तिवारी ने उपस्थित सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं हार देकर स्वागत किया। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष डॉ गोपाल निगम ने संस्था के कार्यों एवं गतिविधियों पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम में काव्य समागम एवं गोष्ठी का भी आयोजन किया गया । इसमें जिले के ख्यातिलब्ध साहित्यकार एवं कवि मृगेंद्र श्रीवास्तव, रामसखा नामदेव, डॉ नीलमणि दुबेजी, किरण सिंह शिल्पी, रमाशंकर गौतम, संगीता शुक्ला, शिव जैन संघर्ष, डॉ सरिता सलिल , प्रकाश राव, आशु गोडियान, शिरीष नंदन श्रीवास्तव ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुति दी । आयोजन में अजय गुप्ता को बढ़ते कदम संस्था का मीडिया प्रभारी एवं प्रकाश राव को सांस्कृतिक समिति का अध्यक्ष बनाने की घोषणा की गई। इस दौरान राष्ट्रपति पुरष्कृत शिक्षक गिरीश निगम, एमपी श्रीवास्तव वरिष्ठ प्राध्यापक डाइट अनिल श्रीवास्तव, शशि नामदेव, अभिषेक श्रीवास्तव , राजेन्द्र निगम शिक्षक , शुभदीप खरे सहित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे । अंत में संपूर्णा शुक्ला ने आभार प्रदर्शन किया । काव्य समागम एवं गोष्ठी के पश्चात एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत डाइट परिसर में आम ,अमरूद बरगद नीम, स्वर्ण चंपा, अमलतास ,पारिजात, पीपल , गुड़हल आदि के पौधों क रोपण किया गया एवं सभी ने एक साथ पौधों के रक्षा करने संकल्प भी लिया । कार्यक्रम का संचालन शिरीष नंदन श्रीवास्तव ने किया । बढते कदम परंपरागत संस्कृति एवं साहित्य शोध समिति के तत्वाधान में पौधारोपण के साथ काब्य समागम कार्य क्रम आयोजित



---

### शहडोल संभाग में फर्जी चिकित्सकों के विरूद्ध करें सख्त कार्यवाहीः कमिश्नर

**शहडोल।** कमिश्नर बी.एस.जामोद ने संभाग में फर्जी चिकित्सकों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। कमिश्नर ने निर्देशित करते हुए कहा है कि ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में फर्जी चिकित्सक लोगों का उपचार कर रहे हैं तथा लोगों से मनमाने तौर पर फीस की वसूली कर रहे हैं। कमिश्नर ने कहा है कि ऐसे सभी फर्जी चिकित्सों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें। कमिश्नर ने सभी मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए ह(

**खबर संक्षेप**

### इंटरनेट की समस्या खत्म होने पर कार्य होगा प्रारंभः उप पंजीयक

**उमरिया।** उप पंजीयक आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि उप पंजीयक कार्यालय उमरिया में विगत दिनो से स्वान इंटरनेट कनेक्टिविटी के कारण पंजीयन का कार्य नही हो पा रहा है, जिसकी सूचना एवं शिकायत उच्च स्तरीय मे की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि जैसे की इंटरनेट की समस्या का समाधान होगा वैसे ही उप पंजीयक का कार्य पुनः सुचारू रूप से प्रारंभ कर दिया जाएगा।

### जिले में आज दिनांक तक 151.5 मिमी वर्षा दर्ज

**उमरिया** 18 जुलाई। अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि जिले में जिले में 1 जून से लेकर 18 जुलाई तक 151.5 मिमी वर्षा रिकार्ड गई है जिसमें बांधवगढ में 218.7 मिमी, मानपुर में 176. 6 मिमी, पाली में 136.8 मिमी, नौरोजाबाद में 153.7 मिमी, चंदिया में 149.7 मिमी, करकेली में 122.4 मिमी वर्षा, बिलासपुर में 114.6 मिमी वर्षा शामिल है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि तक कुल 356 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई थी जिसमें बांधवगढ में 388.3 मिमी, मानपुर में 308.9 मिमी, पाली में 477.4 मिमी, नौरोजाबाद में 433.2 मिमी, चंदिया में 305 मिमी, करकेली में 184.6 मिमी, बिलासपुर मे 394.5 मिमी वर्षा शामिल है।

# विलास बैकुण्ठ में खोए आकाः लुट रही पंचायतों की दौलत







शहडोल

जिले के विकास के लिए शासन द्वारा नगर विकास व ग्रामीण विकास के लिए करोड़ों अरबों रुपए का बजट उड़ेला जाता है, लेकिन इतने बड़े बजट का कहां कैसा उपयोग किया गया और उससे जनहित के कितने कार्य हुए इस बात की मॉनीटरिंग करने करने की जरूरत न तो कलेक्टर समझते हैं और न सीईओ जिला पंचायत को कभी अपने विलास बैकुण्ठ से बाहर निकलने की फुर्सत मिलती है। यही वजह है कि हर साल पंचायतो की विविध मदों से लाखों रुपए का धन मिलता है, लेकिन विकास की तस्वीर रोती हुई नजर आती है। पंचायतें सरपंच व सचिव की अंधेरनगरी बन चुकी हैं, जहां भ्रष्टाचार के सिवाय कुछ दिखाई नहीं पड़ता है। कलेक्टरों ने पंचायतों का अवलोकन करना शायद अपनी ड्यूटी के बाहर समझ रखा है। प्रमुखता से यह कार्य सीईओ जिला पंचायत का है, लेकिन उनसे भी कभी जानकारी नहीं ली जाती है। जयसिंहनगर की पंचायतें तो भ्रष्टाचार में शायद सबसे आगे हैं। जहां हर कार्य प्रावधानों के विरुद्ध चल रहा है।

### बाउण्ड्री की दुर्दशा

जयसिंहनगर की कोठिगढ़ पंचायत के निर्माण कार्यों का हाल इसी से समझा जा सकता है कि यहां एक बाउण्ड्री का भी निर्माण संतोषजनक ढंग से नही किया जा सका। बताते हैं कि 26 जनवरी 2023 को एक स्कूल के लिए बाउण्ड्रीवाल निर्माण स्वीकृत हुआ था। इस कार्य के लिए प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना से 11 लाख 75 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी। निर्माण एजेंसी ग्रामपंचायत थी, इस बाउण्ड्री की हालत आज भी देखी जा सकती है। यह आज तक न केवल अधूरी पड़ी है, बल्कि इसका प्लास्टर भी केवल एक ही तरफ कराया गया है। इस बाउण्ड्री में मिट्टी की लाल रंग की ईंटो का इस्तेमाल हुआ है जबकि नियमतः सीमेंट की ब्रिक्स का उपयोग किया जाना चाहिए था। रेत जैसी अन्य सामग्री भी घटिया दर्जे की लगाई गई है।

### स्टापडेम में गेट नहीं लगे

जयसिंहनगर जनपद की पंचायतों में स्टापडेम बनवाए गए हैं। इनका निर्माण भी गुणवत्ताविहीन और बिना उपयंत्रियों के मौका मुआयना के किया गया। यहां सामग्री भी घटिया इस्तेमाल की गई। चोरी की रेत लगाई गई। इन सबके बावजूद एक खास बात यह है कि किसी स्टापडेम में गेट नहीं लगवाए गए हैं। अगर स्टापडेम का उद्देश्य पानी को रोकना है तो बिना गेट के पानी कहां से रुकेगा, फिर स्टापडेम का निर्माण कराने का औचित्य क्या रह गया? हैरानी की बात यह है कि इतनी बड़ी धांधली खुले मैदानों में चीख रही है लेकिन न तो अफसरों को उसकी आवाज सुनाई दे रही है न दुर्दशा दिखाई दे रही है।

### उपयंत्री भी सुविधाभोगी

उपयंत्रियों को अब मौका मुआयना करने और स्थल चयन और भ्रमण आदि जैसे कार्य अब भारी बोझ नजर आने लगे हैं। वे बाहर की धूल खाने और गर्मी की तपन महसूस करने की जरूरत नहीं समझते हैं। वे कमरे के अंदर बैठकर ही सारा मुआयना, सत्यापन जो भी करना है कर लेते हैं। इसीलिए सचिव ऐसी बाउण्ड्री बनवा देता है जिससे पूरा शौचालय ही बंद हो जाता है। उसमें आने जाने के लिए कहीं से गेट नहीं बनवाया जाता है। हैरानी की बात है कि उसमें भी कोई आपत्ति नही उठाई गई और उसका बजट आहरित कर लिया गया।

### चेम्बर में कैसे दिखेंगी करतूतें ?

कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत तो अब केवल अपने चेम्बरों के अधिकारी बन कर रह गए हैं। फाइले आती रहें और उन पर हस्ताक्षर होता रहे, भोपाल से बातचीत होती रहे, बस हो गई प्रशासनिक सेवा। जब साहब चेम्बर से बाहर निकलकर भ्रमण ही नहीं करेंगे तो इस सत्य से उनका साक्षात्कार कैसे होगा कि वे जिस जिले के मुखिया माने जाते हैं वहां उनके कारिंदे इतने लालबुझक्कड़ हैं कि वे शौचालय के चारो ओर बिना गेट की बाउण्ड्री का निर्माण करा सकते हैं। उनके अंदर इतना विवेक भी नहीं है कि लोग आना जाना कैसे क रेंगे। इस तरह तो शौचालय का औचित्य ही समाप्त हो जाएगा। साहब, आप कार्रवाई करिये या न करिए लेकिन बाहर निकल कर नमूने तो देखिए।

# गंदगी के बीच खेलने को मजबूर बच्चे



**मानपुर।** बीती 15 जुलाई को जनपद पंचायत मानपुर एवं नगर परिषद मानपुर द्वारा आयोजित सामूहिक मुख्यमंत्री कन्या विवाह आयोजन नगर के हृदय स्थल स्थित खेल मैदान में किया गया था, जिसमें करोड़ के खर्च होने का अंदाजा है, खेल मैदान का निर्माण हर विधानसभा में विधायक मद से करोड़ों रुपए खर्च कर शासन द्वारा बनवाया गया था, लेकिन मानपुर में बने खेल मैदान का उपयोग पूरी तरह से राजनीतिक एवं शासकीय कार्यक्रमों के लिए जिम्मेदारों द्वारा किया जा रहा है, इतना ही नहीं शासकीय एवं राजनीतिक कार्यक्रमों में करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद भी खेल मैदान की साफ-सफाई के लिए आयोजनकर्ताओं को कुछ हजार रुपए का बजट भी रखना चाहिए, जिससे कि कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात खेल मैदान की साफ-सफाई कराई जा सके।

### नहीं हो रही मैदान की सफाई

हर बार की तरह इस बार भी कार्यक्रम को संपन्न करने के बाद जिम्मेदार बिना साफ-सफाई कराए नदारत हो गए, जिससे की सुबह ग्रामीण खेल मैदान में खेलने वाले बच्चे एवं नियमित व्यायाम करने के लिए खेल मैदान आते हैं, उन्हें गंदगी के बीच खेलने और व्यायाम करना पड़ रहा है, जबकि कार्यक्रम के पश्चात जिम्मेदारों को साफ-सफाई का ध्यान रखना चाहिए। इतना ही नहीं आवारा मवेशी और पशु-पक्षी आयोजन के बाद ग्राउंड पर फेके गए खाने की पैकेट जो कि अब दुर्गंध मार रहे है, उन्हें खाने के लिए मजबूर हैं, यदि समय रहते ग्राउंड पर साफ-सफाई नहीं कराई गई , तो कई मवेशी उसे खाकर बीमार पड़ सकते हैं।

# न्यायिक मजिस्ट्रेट मानपुर ने किया पौधारोपण



**मानपुर।** विधानसभा मुख्यालय वन परिक्षेत्र अंतर्गत गोबराताल गांव में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत न्यायिक मजिस्ट्रेट मानपुर अपूर्व मेहरोत्रा ने पौधारोपण किया। इस दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी मानपुर मुकेश कुमार अहिरवार, सहायक संचालक एवं एसडीओ वन बी एस उप्पल के साथ ही अधिवक्तागण सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे व उन्होंने ने भी अभियान को सफल बनाने के लिए पौधारोपण किया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत व्यापक रूप से स्थानीय जनमानस, अधिकारी कर्मचारीगणों द्वारा पौधारोपण कर उनकी सुरक्षा का भी संकल्प लिया जा रहा है। वन परिक्षेत्र मानपुर अंतर्गत गोबराताल गांव में न्यायिक मजिस्ट्रेट मानपुर ने पौधारोपण कर कार्यक्रम के माध्यम से लोगो को संबोधित करते हुए ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण कर उनकी सुरक्षा के संकल्प के साथ ही पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगो ने काफी उत्साह देखा गया। हर क्षेत्र में जहां देखो वहीं पौधा रोपण का कार्यक्रम संपन्न हो रहा है, जिसे देखते हुए मानपुर नगर के साथ ही समाज सहित नगर के हर एक व्यक्ति को एक पौधा रोपित करते हुए उसकी सेवा करने का संदेश दिया गया।

# विद्यालय में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

उमरिया



पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन व नगर पालिका परिषद पाली मुख्य अधिकारी भूपेंद्र सिंह के मार्गदर्शन पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया व नगर पालिका परिषद पाली के द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर पाली में 10 पौधे लगाकर पौधारोपण किया गया। विद्यालय प्राचार्य कमलेश सिंघई ने कहा कि बेहतर पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण जरूरी है। केवल वृक्ष ही हमें ताजा हवा मुहैया कराते हैं।

पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि कहा कि बेहतर पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण जरूरी है। केवल वृक्ष ही हमें ताजा हवा मुहैया कराते हैं।की पर्यावरण की रक्षा आज हम सभी के लिए चुनौती है हमें अपने जिंदगी में एक पेड़ लगाना और उसका देखभाल करने का प्रतिज्ञा लेना चाहिए।जहां उन्होंने कहा कि हमारे जन्म से लेकर मृत्यु तक जीवन भर पेड़ हमें कई रूपों में सौगातें देते हैं। पौधा लगा कर हम अपने माता पिता की तरह उनकी भी देखभाल करें तो ही प्राकृतिक संतुलन बना रहेगा।इतना सब देते हुए जब-जब पेड़ फलों से लद जाते हैं तो और ज्यादा विनम्रता के साथ अपनी डालियां झुका देते हैं ताकि हम फल तोड़ सकें। इस तरह देखें तो पेड़ पौधे भी दान, विनम्रता, दृढ़ता आदि सीखने के लिए पाठशाला ही है। पौधारोपण के दौरान नगर पालिका परिषद पाली इंजीनियर विपिन विश्वकर्मा, विद्यालय प्रचार्य कमलेश सिंघाई, पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी, पर्यावरण मित्र खुशी सेन, राहुल सिंह, संतोष महतेल, आशु पटेल, विद्यालय छात्रा रोशनी सिंह,माधवी कोल, पूजा बैगा, रागनी मेहरा, काजल सिंह, मोनिका बैगा व सभी उपस्थित रहे।

# पौधरोपण कर भूल गए जिम्मेदार, नहीं किए गए सुरक्षा के इंतजाम



**मानपुर।** पौधरोपण अभियान चलाकर कागज पर लाखों पौधों के लगाने का दावा सिर्फ कागजी रह गया है। हकीकत यह है विभागों को रोपण के लिए दिए गए पौधे सूख रहे हैं। ऐसे में पौधरोपण अभियान के नाम पर महज खानापूर्ति की गई है। सरकार द्वारा एक पेड़ मां के नाम जैसे स्लोगन पौधारोपण को प्रोत्साहित करते हैं। वहीं विभिन्न विभागों की ओर से पौधारोपण का दावा भी किया जाता है, जोकि महज कागजों तक ही सीमित रहता है। जमीनी सच्चाई पर गौर करें, तो शत प्रतिशत पौधे रोपे ही नहीं जाते हैं और जो रोपे भी जाते हैं, वे देखरेख के अभाव में पनप नहीं पाते हैं।

बीते 6 जुलाई को नगर परिषद मानपुर द्वारा एक पेड़ मां के नाम अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत वार्ड नंबर 7 में निर्माणाधीन नगर परिषद नवीन भवन के ग्राउंड में प्रशासनिक अधिकारियों सहित नगर के कई वरिष्ठ गणमान्य नागरिक समाजसेवियो एवं नगर परिषद के अध्यक्ष, पार्षद, सीएमओ एवं परिषद के समस्त मातहत कर्मचारियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया था। जिस कार्यक्रम में समस्त सम्मानित प्रशासनिक अधिकारी एवं नगर के गणमान्य नागरिकों समाजसेवियों नगर परिषद की अध्यक्ष नगर परिषद के सीएमओ साहब एवं समस्त कर्मचारी द्वारा वृक्षारोपण किया गया था, जो कि महज एक दिखावा साबित हो रहा है। वृक्षारोपण करने के बाद नगर परिषद का कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति वृक्षारोपण दिनांक के बाद से आज दिनांक तक लगाए गए वृक्षों को देखने तक नही पहुंचे, जब मौके पर जा कर परिषद द्वारा कराए गए वृक्षारोपण का जायजा लिया गया तो, दिखाई दिया कि आधे से ज्यादा पौधों को मवेशियों ने या तो खा लिया या उखाड़ कर फेंक दिया और बचे हुए पौधे पानी की कमी की वजह से सुख गए है, 10 दिन से ज्यादा समय निकल जाने के बाद भी किए गए वृक्षारोपण की सुरक्षा का इंतजाम परिषद द्वारा नही कराया गया और न ही सूख रहे पौधो को पानी की व्यवस्था की गई है। एक पेड़ मां के नाम अभियान में लगाए गए वृक्षों को बचाने और बड़े करने में नगर परिषद मानपुर के जिम्मेदारो की बड़ी लापरवाही देखने को मिल रही है, नगर परिषद मानपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी से यह गुजारिश है कि वार्ड नंबर 07 नए निर्माणधीन नगर परिषद भवन के पास कराए गए वृक्षारोपण की सुरक्षा के लिए तार और खंभे से फैंसिंग कराए , जिससे मवेशियों द्वारा लगाए गए पौधे को नुकसान न पहुंचे एवं पौधो को जीवित रखने के लिए पानी की व्यवस्था के लिए कर्मचारी लगा नियमित सिंचाई कराए, जिससे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाए गए पौधे जीवित हो सके।

# प्रत्येक बूथ पर गुरु पूर्णिमा, कारगिल दिवस एवं मन की बात कार्यक्रम होंगेः दिलीप

## अमरपुर मंडल की मंडल कार्य समिति बैठक हुई संपन्न




**मानपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला नेतृत्व के आह्वान पर अमरपुर मंडल की मंडल कार्यसमिति बैठक अमरपुर सामुदायिक भवन में भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे के मुख्य आतिथ्य एवं मंडल अध्यक्ष विमल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई, बैठक में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर अतिथियों का स्वागत किया गया, स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष विमल शर्मा ने दिया। तत्पश्चात सामुदायिक भवन परिसर एवं पुलिस चौकी प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे ने लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक मतों से लीड देने पर अमरपुर मंडल के कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया गया।

पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत चर्चा की गई, आने वाली 21 जुलाई को सभी शक्ति केन्द्रों पर गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा, 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस, 28 जुलाई को मन की बात कार्यक्रम किए जाएंगे। सभी शक्ति केन्द्रों पर कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का अभिनंदन करते हुए शक्ति केंद्र स्तरीय सम्मेलन किए जाएंगे। महिला जनप्रतिनिधियों का भी सम्मेलन मंडल स्तर पर आयोजित किया जाएगा, उक्त कार्यक्रमों के विषय में भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे ने मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से चर्चा कर जानकारी दी गई।

अमरपुर मंडल के कार्यकर्ताओ ने भारतीय जनता पार्टी के विजय संकल्प अभियान को प्रत्येक बूथ तक ले जाकर आम नागरिकों को भाजपा से जोड़ा, जिसका परिणाम भी लोकसभा चुनाव में देखने को मिला। निश्चित ही कार्यकर्ताओं की परिश्रम के दम पर यह संभव हो पाया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र गौतम और मंडल अध्यक्ष उदयभान द्विवेदी, अनिल द्विवेदी, रमाकांत तिवारी, प्रभात चतुर्वेदी, सुनील पांडे, रामा कोल, राजबहादुर लोनी ,मदन सिंह, बेड़ीलाल कोल, कृष्ण चतुर्वेदी, रविराज सिंह, संकल्प तिवारी , रुक्मणी सोनी, राजऋषि मिश्रा, बबलेश विश्वकर्मा, रामकरण मांझी , नागेन्द्र मिश्रा एवं सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बीटीआर में तीन दिवसीय वन्य प्राणी प्रशिक्षण



**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बीटीआर के अधिकारी कर्मचारियों और वन मंडल उमरिया के कर्मचारियों को वन्य प्राणियों को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। बीटीआर और वन मंडल उमरिया के 50 से अधिक अधिकारी कर्मचारियों के घास प्रबंधन के साथ वन्य प्राणियों की पहचान वन्य प्राणी प्रबंधन को लेकर रिटायर्ड पीसीसीएफ एन एस डुंगरियाल ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के साथ खितौली जोन के जंगल में अधिकारी कर्मचारियों को क्षेत्र में वन्य प्राणियों को प्रबंधन को लेकर जानकारी दी।

### घास प्रबंधन की जानकारी

प्रशिक्षण में वन्य प्राणी विशेषज्ञ एन एस डुंगरियाल ने घास प्रबंधन की जानकारी दी। लगातार मांसाहारी वन्य प्राणियों की संख्या में वृद्धि हो रही है। जिसको लेकर घास प्रबंधन जरूरी है। ताकि शाकाहारी वन्य प्राणियों की संख्या में वृद्धि हो सके। शाकाहारी वन्य प्राणियों को खाना और विचरण में परेशानी ना हो। घास प्रबंधन में मुख्य रूप से लेंटाना को हटाना और खरपतवार को नष्ट करना होता है।

### वन्य प्राणियों की पहचान

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उपसंचालक पीके वर्मा ने बताया कि रिटायर्ड पीसीसीएफ एन एस डुंगरियाल ने बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व और उमरिया वन मंडल के अधिकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया है। प्रशिक्षण में एसडीओ, वन परिक्षेत्र अधिकारी,उप वन परिक्षेत्र वन रक्षको ने प्रशिक्षण लिया है। घास प्रबंधन और वन्य प्राणियों को लेकर प्रशिक्षण और जंगल में क्षेत्र की जानकारी दी है।

## नागरिकों ने की रेलवे स्टेशन में सुविधा दिलाये जाने की मांग

# कोतमा रेलवे स्टेशन सुविधाओं से कोसों दूर, यात्रियों को हो रही परेशानी
# शौचालय, पेयजल, उचित बैठने की व्यवस्था और न ही साफ सफाई

कोतमा

कोतमा रेलवे स्टेशन मे अव्यवस्थाओ का अंबर लगा हुआ है यहां पर आज भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। देखने को तो जगह जगह शौचालय बना हुआ है पर उसमें दिन भर ताला लटका रहता है और लोगो को शुद्ध पेय तो छोड़ो पानी ही नहीं मिल पा रहा है। पूरे रेलवे स्टेशन में गंदगी का अंबार लगा रहता है। कोतमा रेलवे स्टेशन जहाँ मूलभूत सुविधाओं के नाम पर सिर्फ दिखावा बना है। यात्रियों के लिए किसी भी प्रकार की कोई भी व्यवस्था नहीं है और न ही पीने के लिए शुद्ध पेय जल की व्यवस्था है और सुलभ शौचालय सिर्फ दिखावे के लिए बना हुआ है, क्योंकि यहाँ सिर्फ ताला ही देखने को मिलता है। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों का दिन भर आना जाना लगा रहता है। परंतु आने जाने वाले यात्रियों को सुलभ शौचालय की सुविधा नही मिलती न ही पीने के लिए पानी साथ ही गंदगी का अंबार लगा रहता है। रेलवे प्रबंधन इस पर अपना ध्यान आकर्षित करना उचित नही समझती है। जिसका जीता जगता उदाहरण सामने देखने को मिल रहा है। आखिर रेलवे प्रबंधन क्यो नही सुविधा मोहैया कर रही है आखिर किसकी लापरवाही की वजह से यात्रियों को मुशीबतों का सामना करना पड़ता है। जबकि यह क्षेत्र कोयलांचल क्षेत्र होने के साथ ही कोतमा नगर आर्थिक नगरी के रूप में भी जाना जाता है और प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोगों का आना-जाना रेलवे स्टेशन पर बना रहता है। सबसे ज्यादा पीने के पानी की परेशानी गरीब तपके के लोगों को होती है। बड़े लोग तो पैक बोतल पानी लेकर पी लेते हैं।



### टूट गई है कुर्सियां

वर्तमान में कोतमा रेलवे स्टेशन की स्थितियां है कि प्लेटफार्म के नीचे टाइल्स लगाकर यात्रियों के बैठने के लिए जगह बनाई गई थी लेकिन वर्तमान में टाइल्स पूरी तरह से टूट गई है। यहां तक की प्लेटफार्म में टाइल्स लगाकर कुर्सियां बनवाई गई थी वह भी पूरी तरह से टूट गई है। जिसकी देख रेख करने की फुर्सत स्टेशन प्रबंधन के पास नहीं है।

### गंदगी की भरमार

वर्तमान में रेलवे स्टेशन के अंदर नालियां गंदगी से भारी पड़ी हुई है जगह-जगह गंदगी देखने को मिल रही है, जबकि रेलवे प्रबंधन के द्वारा रेलवे स्टेशन की साफ सफाई के लिए ठेकेदार के माध्यम से साफ सफाई की व्यवस्था सौंपी गई है, लेकिन स्टेशन परिसर का भ्रमण करने पर साफ सफाई की पोल खोल नजर आ रही है।

### प्रसाधन में भी गंदगी का अंबार

स्टेशन परिसर में पेशाब करने के लिए प्रशाधन बनवाया गया है, लेकिन वह पूरी तरह से गंदगी से भरी पड़ी हुई है जिसके कारण यात्रियों को रेलवे स्टेशन के बाहर प्रशाधन करने के लिए परेशान होना पड़ रहा है। गंदगी के कारण प्रशाधन से बदबू आ रही है।

### महिलाओं को होती परेशानी

ग्रामीण क्षेत्र से यात्रा करने रेलवे स्टेशन आई महिला ने बताया कि हम काम से हर दूसरे तीसरे दिन कोतमा रेलवे स्टेशन में यात्रा करने आते हैं, लेकिन सबसे ज्यादा परेशानी हम लोगों को बाथरूम करने के लिए होती है स्टेशन में बने शौचालय में हमेशा ताला लटकता रहता है। जिसके कारण हम लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। रेलवे स्टेशन में पीने के लिए पानी की भी सुविधा नहीं है जिसके लिए हमें स्टेशन के बाहर बाजार में जाकर पानी पीना पड़ता है या तो फिर पानी खरीद कर पीते हैं। हम लोगों के साथ छोटे-छोटे बच्चे भी रहते हैं जिन्हें भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जबकि रेल प्रबंधन को कोयलांचल क्षेत्र होने के कारण जमकर राजस्व का लाभ होता है उसके बाद भी कोतमा रेलवे स्टेशन के साथ रेल प्रबंधन का सौतेला व्यवहार समझ से परे है। नागरिकों ने रेल प्रबंधन से रेलवे स्टेशन में शौचालय की सुविधा एवं पीने की पानी की सुविधा प्रदान करने की मांग की है।

### खुली नालियां बन रही परेशानी का सबब

रेलवे प्रबंधन द्वारा रेलवे स्टेशन एवं परिसर में बनाए गए नालियों में चेंबर नहीं लगाए गए हैं जिसके कारण नालियों में गंदगी भरी पड़ी हुई है। बारिश का पानी जब नाली में भर जाता है तो वह रेलवे स्टेशन के अंदर तक आ जाता है। नालियों में गंदगी भरी पड़ी होने के कारण मच्छर भी पनपते हैं जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। एक और पूरे देश में स्वच्छ भारत अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत रेलवे स्टेशन परिसर में यदि कोई व्यक्ति खड़ा होकर पेशाब कर रहा है तो उस पर रेलवे प्रबंधन के द्वारा जुमार्ना लगाया जाता है और वहीं दूसरी ओर यह देखने को मिल रहा है कि रेलवे स्टेशन में स्वच्छता के नाम पर दिखावा किया जा रहा है रेलवे प्रबंधन की यह कैसी विडंबना है।

**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर आज करेंगी राजस्व अभियान की तैयारियों की समीक्षा

**रीवा।** प्रदेश के साथ-साथ रीवा जिले में भी 18 अगस्त से 31 अगस्त तक राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत राजस्व प्रकरणों का निराकरण, खसरे में सुधार, नक्शा तरमीम, किसान सम्मान निधि के आवेदनों में ई केवाईसी एवं आधार से लिंकिंग तथा फार्मर रजिस्ट्री आदि के कार्य किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 19 जुलाई को कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित बैठक में गुढ़ एवं रीवा तहसीलों में राजस्व महाअभियान के तैयारियों की समीक्षा करेंगी। कलेक्टर दोपहर बाद 3 बजे से मोहन सभागार में ही सेमरिया एवं सिरमौर तहसीलों में अभियान के तैयारियों की समीक्षा करेंगी। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने सभी संबंधित एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

## महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक संपन्न

**रीवा** । रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने शिशुओं तथा महिलाओं की स्वास्थ्य रक्षा एवं विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इसके परिपालन में सतना में दोनो विभागों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस संबंध में संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती ऊषा सिंह सोलंकी ने बताया कि बैठक में गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, शिशुओ तथा महिलाओं के टीकाकरण एवं वर्षा जनित रोगों से बचाव के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की गई। बैठक में दस्तक अभियान के दौरान चिन्हित कम पोषित एवं बीमार बच्चों की उचित देखभाल तथा उपचार के संबंध में निर्देश दिए गए। बैठक में पोषण आहार के वितरण, आंगनवाड़ी केन्द्रों में दवाओं की उपलब्धता, शिशुओं का पोषण स्तर बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों एवं पोषण पुनर्वास केन्द्रों के संबंध में निर्देश दिए गए। बैठक में उप संचालक स्वास्थ्य डॉ डीपी अग्रवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सौरभ सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एलके तिवारी, सभी परियोजना अधिकारी, बीएमओ तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मऊगंज जिले में वेटलैण्ड संरक्षण समिति गठित

**रीवा।** शासन के आदेश के अनुसार मऊगंज जिले में जिला स्तरीय वेटलैण्ड संरक्षण समिति गठित की गई है। समिति का अध्यक्ष कलेक्टर अजय श्रीवास्तव को बनाया गया है। समिति के लिए ग्रामीण क्षेत्र के सदस्य सचिव जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा नगरीय क्षेत्र के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी मऊगंज को बनाया गया है। समिति में सदस्य के रूप में वन मण्डलाधिकारी, अधीक्षक भू अभिलेख, जिला भू बंदोबस्त अधिकारी, कार्यपालन यंत्री पीएचई, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन तथा उप संचालक नगर एवं ग्राम निवेश को शामिल किया गया है। समिति में उप संचालक कृषि, सहायक संचालक मछली पालन, क्षेत्रीय अधिकारी मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण मण्डल तथा विभागाध्यक्ष सिविल इंजीनियरिंग कालेज रीवा को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। समिति में नामांकित सदस्य के रूप में डॉ मुकेश येंगल तथा सहायक प्राध्यापक प्रोफेसर सुजान सिंह लोधी को शामिल किया गया है। जारी आदेश के अनुसार जिला वेटलैण्ड संरक्षण समिति का गठन पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत किया गया है। समिति राज्य वेटलैण्ड प्राधिकरण के प्रति उत्तरदायी होगी। समिति का मुख्य कार्य जिला स्तर पर तालाबों के समग्र संरक्षण और प्रबंधन में सहयोग करने का है। जिला स्तरीय समिति चिन्हित किसी भी तालाब के लिए संक्षिप्त प्रतिवेदन तैयार करेगी। जिले के तालाबों का डाटाबेस तैयार करने का कार्य भी समिति द्वारा किया जाएगा। तालाबों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए विभिन्न विभागों तथा अन्य संगठनों से समन्वय बनाकर समिति तालाबों का संरक्षण कराएगी।

### पहले दस साल का इंतजार

# छोटी मोटी समस्याओं का भी समाधान न होने से मुंह छुपाने को मजबूर पार्षद

**धनपुरी।** दस वर्ष के बाद सत्तासीन हुई नगर परिषद के गठन के बाद वार्डो में वार्ड वासियों द्वारा लगातार ,लाइट,साफ सफाई,रोड मरम्मत, आदि समस्याओं को लेकर शिकायतें की जा रही हैं। वाडो में समस्या को लेकर पूर्व पार्षदों की जगह नए पार्षदों को जिताया है जिससे वार्डों में विकास हो सके। लेकिन चुनाव जीतने के बाद वार्डो में अनगिनत समस्याओं को लेकर अब वार्ड पार्षद स्वयं को बेहद परेशान महसूस कर रहे हैं।

### अनियोजित विकास की फांस

पूर्व में बिना प्लानिंग के बनाए गए कंक्रीट रोडो को खोदकर पाइप लाइन का विस्तार तो कर दिया गया लेकिन रोड को वार्ड वासियों को गिरने पढ़ने के लिए यूं ही छोड़ दिया गया। जगह जगह गड्ढो की स्थिति निर्मित हो गई है। इन गड्ढों पर आज तक फीलिंग नहीं की गई जिससे पैदल चलने वाले टू व्हीलर वाहनों को रोड पर चलने में गिरने एक्सीडेंट होने की संभावना बनी रहती है। नगर पालिका सिर्फ नए निर्माण कार्यों पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है वार्डों में छोटे-मोटे कार्य का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। विकास के नाम पर बेदर्दी बटन से कराए गए निर्माण कार्यों यानी 'योजित विकास की पास अब नगर वासियों को बुरी तरह से परेशान कर रही है

### मच्छरों का साम्राज्य

नगर के ऐसे कई बड़े हैं जहां की नालियां साफ सफाई के अभाव में बजबजा रही है जिससे मच्छरों का साम्राज्य कायम हो गया है। शाम होते ही वार्डों सहित आजाद चौक में भी मच्छरों का प्रकोप से व्यापारी परेशान नालियों में कीटनाशक दवाई नहीं डाली जाती जिससे मलेरिया जैसे बीमारी का संभावना बढ़ रही है पूर्व में भी कई बार नगर पालिका का ध्यान आकर्षित करने के बाद भी इस शोर ध्यान नहीं दे रही है। छोटी बाहन ब्रेकडाउन होने के चलते पूर्व की तरह वार्ड के -छोटी गलियों में वाहन नहीं जाती बड़ी वाहन के द्वारा कचरे को उठाने लाने ले जाने का काम किया जाता है।

**नपा में बल्ब की कमी, अंधकार में वार्ड**





### बल्ब लगाने में भी अक्षम

परिषद की बैठक में कई बार पार्षदों के द्वारा प्रकाश व्यवस्था को लेकर आवाज उठाई जाती है लेकिन समस्या हल नहीं हो रही है। वर्षा के दिनों में कीड़े मकोड़े जीव जंतु निकालने का वार्डों में भाई बना रहता है ऐसे समय में भी वार्डों में प्रकाश व्यवस्था को लेकर पार्षदों के द्वारा नगर पालिका से वार्ड में विधुत खंबे प्रकाश की व्यवस्था, बल्ब की मांग की जाती है लेकिन एलईडी बल्ब नहीं है का जवाब दिया जाता है। बताया जाता है कि एलईडी बल्ब मंगाई गई थी 28 वार्ड में कहां-कहां लगा दिया गया फिर भी वार्डों में अभी भी अंधकार बना हुआ है पार्षद द्वारा बल्ब की मांग की जा रही है पार्षद वार्ड में अंधेला होने को लेकर लगातार नगरपालिका से संपर्क बनाए हुए हैं लेकिन समस्या हल होने का नाम नहीं ले रही हैं।

*मुख्यमंत्री को अतिथि शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर दस सूत्रीय मांग पत्र सौपा*

# अतिथि शिक्षक संघ ने शिक्षकों की समस्याओं का ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा

**रीवा।** अतिथि शिक्षक संघ मध्यप्रदेश जिला इकाई रीवा (वी.एम.एस.संघ से सम्बद्ध) के जिलाध्यक्ष रोहणी द्विवेदी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल कलेक्टर रीवा से मिलकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को अतिथि शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर दस सूत्रीय मांग पत्र सौपा जिसमें मांग की गई है कि महापंचायत की घोषणानुसार विभागीय परीक्षा लेकर कार्य अनुभव का लाभ प्रदान कर 12 माह का कार्य काल एवं 62 वर्ष की आयु तक सेवाकाल (नियमितीकरण) दिये जाने का आदेश अविलंब जारी किया जाय, 2 सितम्बर 2023 भोपाल महापंचायत में म.प्र.शासन द्वारा की गई महत्वपूर्ण घोषणानुसार म.प्र.शिक्षक भर्ती में शिक्षक चयन परीक्षा के सभी वर्गो में बोनस अंक प्रदान करते हुए म.प्र.उच्च शिक्षा विभाग के अतिथि विद्वानों के समान कार्य अनुभव के बोनस अंक प्रदान कर मैरिट लिस्ट जारी की जाय, म.प्र.शिक्षक भर्ती की न्यूनतम अहर्ता प्राप्त अतिथि शिक्षकों को कार्य अनुभव का लाभ देकर सीधे नियमित किया जाय, अतिथि शिक्षकों को अन्य कर्मचारियों के समान स्वास्थ्य सुरक्षा के अन्तर्गत प्रतिवर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य सुरक्षा लाभ दिया जाय, दस लाख रुपये तक का बीमा एवं ईपीएफओ की सुविधा प्रदान कर कार्यरत अतिथि शिक्षकों के लिए आकस्मिक अवकाश एवं अर्जित अवकाश की सुविधा प्रदान की जाय, कार्यरत अतिथि शिक्षकों का मानदेय प्रत्येक महीने की निश्चित तिथि तक भुगतान कराया जाय, म.प्र.के स्कूल शिक्षा विभाग में चल रहे उच्च शिक्षा प्रभार, ट्रांसफर, प्रमोशन तथा शिक्षक भर्ती से बाहर होने वाले अतिथि शिक्षकों को तथा पूर्व समय में अतिथि शिक्षकों की सेवा सेपृथक किए गए अतिथि शिक्षकों को अन्य स्कूलों में कार्य अनुभव का लाभ देकर नियोजित किया जाय, सत्र 2024-25 हेतु अतिथि शिक्षक आमंत्रण के संबंध में विगत सत्र के पूर्व से तैयार पेनल के आवेदनों की जानकारी पोर्टल में नियत समय में दर्ज किया जाय, 30 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम पाने वाले अतिथि शिक्षकों को न रखने के आदेश दिए गए हैं कार्य अनुभव तथा गत वर्षो के परीक्षा परिणाम के आधार पर नियमों में शिथिलता वर्ती जाय। ज्ञापन देते समय तरुणेन्द्र मिश्र, अभिनव द्विवेदी, संत कुमार सिंह, कृष्णमणि शुक्ला, अनीता मिश्रा, जयारानी नामदेव, गौरव तिवारी, श्रीनिवास द्विवेदी सहित अतिथ शिक्षक उपस्थित रहे।



# रात्रि में बस में बैठाने जा रहे दो युवकों की सड़क हादसे में हुई मौत

**रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सिलपरा ओवरब्रिज बाइक सवार दो युवकों का शव गुरुवार को ओवरब्रिज के नीचे पड़ा मिला है, घटना की सूचना पर सुबह पहुंची पुलिस का मानना है कि दोनों युवक देर रात बाइक से जा रहे होंगे और इस दौरान वह सड़क हादसे का शिकार हो गए जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौत हो गई पुलिस फिलहाल दोनों युवकों के सब को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया है, पुलिस ने घटना स्थल पर मिले मोबाइल से परिजनों का पता लगाया वही मृतकों की पहचान प्रशांत तिवारी निवासी ग्राम उमरिया थाना सोहागी और मिथिलेश तिवारी ग्राम बिजावर थाना जवा हाल मुकाम आनंतपुर के रूप मे हुई है। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर मृतक मनीष तिवारी के मामा मनोज दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि मनीष रीवा में किराए के मकान में रहता था और रात्रि तकरीबन 10 बजे वह मिथिलेश तिवारी को बस बैठने के लिए घर से निकला था बताया गया है कि मिथिलेश को रायपुर छत्तीसगढ़ जाना था जिसे नए बस स्टैंड से बस में बैठना था लेकिन जब वह नए बस स्टैंड पहुंचा तो बस जा चुकी थी और कंडक्टर ने बताया कि तो वह गोविंदगढ़ में रुकेगा और वह खाना खाएगा जिसके बाद मनीष मिथिलेश को लेकर बाइक से गोविंदगढ़ छोड़ने जाने लगा इसी दौरान वह सड़क हादसे का शिकार हो गया और दोनों युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।



# कलेक्टर ने तहसील कार्यालय त्योंथर एवं मनगवां का किया निरीक्षण

**रीवा**

राजस्व महाअभियान 2.0 के शुभारंभ के उपरांत कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने तहसील त्योंथर का निरीक्षण किया। उन्होंने राजस्व न्यायालय में प्रकरणों का अवलोकन किया तथा आरसीएमएस में दर्ज प्रकरणों का ऑनलाइन अवलोकन कर प्रकरणों की अद्यतन स्थिति देखी। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान समय सीमा से प्रकरणों के बाहर होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देश दिये कि पटवारी सभी प्रकरणों में 15 दिवस से पूर्व प्रतिवेदन दें ताकि इनके निराकरण में विलंब न हो और प्रकरण समय सीमा में निराकृत करें। उन्होंने प्रकरण समाप्त होने के उपरांत इस्तलाबी दर्ज कराने के निर्देश दिये। न्यायालय के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि न्यायालय में अनिवार्यतः बैठें तथा प्रकरणों का निराकरण करें। उन्होंने दायरा पंजी संधारित करने के निर्देश भी दिये। कलेक्टर ने मनगवां में राजस्व अधिकारियों की बैठक के उपरांत तहसील कार्यालय मनगवां का निरीक्षण तथा न्यायालीयन प्रकरणों का अवलोकन किया तथा आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान एसडीएम संजय जैन, एसडीएम पीएस त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले उपस्थित रहे।



*वीडियो सोशल मीडिया मे वायरल*

# रीवा सांसद एक कार्यक्रम के दौरान लोगों के बिखरे पड़े चप्पल, जूते हाथों से उठाते दिखे

**रीवा**

देश और प्रदेश में जनता से जुड़ी ऐसी कई बड़ी समस्याएं है जिन पर जनप्रतिनिधि कामकर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करता है। आज हमारा देश, प्रदेश और जिला गरीबी, बेरोजगारी, शिक्षा जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन इन तमाम समस्याओं को नजरअंदाज कर मध्यप्रदेश के रीवा से तीसरी बार चुने गए भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा जनहित के मुददों को छोडकर कुछ अलग ही कर गुजरने में जुटे है। ये कभी मलीन बस्ती में पहुंचकर नाली साफ करते फोटो खिंचाते है तो कभी झाड़ू लगाते है।कभी दलित बच्चे को नहलाते है तो कभी टॉयलेट साफ करते नजर आते है,अपने इन अजब गजब कारनामों से सुर्खियों में बने रहने वाले रीवा से भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा की कारगुजारी का एक और वीडियो सोषल मीडिया में वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में मंनगवा तहसील अंतर्गत एक कार्यक्रम के दौरान बिखरे पडे लोगों के चप्पल और जूतों को सांसद महोदय अपने हाथों से उठाकर उन्हें व्यवस्थित लाइन से रखते नजर आ रहे है। वही सांसद जी इस बडे काम को अंजाम दे रहे थे तो उनके सहयोगी सांसद जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। जानकारी के मुताबिक मनगवां विधानसभा की सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल में आयोजित मतदाता एवं कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में सांसद जनार्दन मिश्रा बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। यहां सांसद जी समारोह स्थल में जैसे ही हुंचे तो लोगों के जूते और चप्पल बिखरे पडे मिले, जिसे देखते ही देखते ही सांसद जी अपने काम में लग गए और हाथों से ही चप्पल जूतों को उठाकर वह लाइन से व्यवस्थित रखने लगे, जिसका वीडियो एक बार फिर सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। बता दें कि कुछ दिन पूर्व ही सांसद द्वारा टॉयलेट साफ करने का वीडियो वायरल होने के बाद अब जूते चप्पल उठाने का वीडियो सामने आया है।



### मऊगंज में विश्व यूवा कौशल दिवस मनाया गया

# शासकीय आईटीआई में बहुत ही गर्म जोशी के साथ हुआ संपन्न

**मऊगंज**

शासकीय आईटीआई में विश्व यूवा कौशल दिवस बड़े ही हर्षोल्लाह से मनाया गया जिसके मुख्य अतिथि बृजवासी प्रसाद पटेल अध्यक्ष नगर परिषद तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष कुमार मिश्र जिला समन्वयक वित्तीय साक्षरता ने किया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर महेशचंद्र मिश्र अध्यक्ष जनभागीदारी समिति शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज एवं ठाकुर दीन कोल पार्षद, कीर्ति कुमार मिश्रा मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, रामपाल पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रामसिया वर्मा प्राचार्य ने किया सर्वप्रथम मुख्य अतिथि अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथियो ने भगवान विश्वकर्मा एवं माता सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात एसपी मिश्रा द्वारा शासकीय आईटीआई मऊगंज का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया,तत्पश्चात विशिष्ट अतिथियों ने जनमानस को संबोधित किया मुख्य अतिथि श्री पटेल ने कहा कि हमारे यूवा पीढ़ी को रोजगार के प्रति जोड़ने की विशेष आवश्यकता है। आईटीआई करने के बाद कोई लड़का बेरोजगार नहीं रहता हर किसी को कुछ न कुछ साधन उपलब्ध हो जाता है कार्यक्रम के समापन मे अध्यक्षीय उद्बोधन मे जिला समन्वयक मिश्र ने कहा की जितने भी छात्र-छात्राएं इस संस्था में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं वह निश्चित रूप से एक दिन हमारे मऊगंज का नाम रोशन करेंगे, हमारे यहां प्रतिभा की कमी नहीं है। शाशन आपके लिए तत्पर है कि यदि आप कोई व्यापार करना चाहते हैं, तो बैंक आपके लिए लोन की व्यवस्था करेगी और आप धीरे-धीरे करके अपने बिजनेस को बढ़ाकर बैंक का लोन भी चुकता कर दें।आप स्वयं आत्मनिर्भर बन जाए और इस बिजनेस में लोगों को रोजगार भी मुहैया कराकर इससे काफी हद तक बेरोजगारी से मुक्ति मिल सकती है श्री मिश्र ने अटल पेंशन एजुकेशन लोन तथा भारत सरकार की कई विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा की बैंक से संबंधित किसी को कोई भी परेशानी आए तो हमारा फोन नंबर नोट कर ले आप कभी भी फोन कर मुझे सूचित कर सकते हैं कार्यक्रम में उपस्थित अन्य प्रमुख व्यक्तियों में प्रदीप सिंह व्याख्याता मॉडल स्कूल, विकास पांडे व्याख्याता मॉडल स्कूल, एसपी मिश्रा अनुदेशक, विवेक सोनी अनुदेशक, सी पी सिंह अनुदेशक, पंकज पाटिल अनुदेशक, ज्योति रानी अनुदेशक, शशिकांत गौतम अनुदेशक, मुकेश द्विवेदी अनुदेशक सहित सैकड़ो छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम के समापन अवसर पर मां के नाम पर एक पौधा लगाया गया शासकीय आईटीआई मऊगंज में नवीन रथ को हरी झडी दिखाकर रवाना किया गया कार्यक्रम के अंत में एसपी मिश्रा द्वारा अतिथियों का आभार प्रकट किया गया।




## सुरक्षा गार्ड भर्ती के लिए जनपद पंचायत त्योंथर में रोजगार मेले का आयोजन आज

**रीवा**

एसआईएस द्वारा जिले के सभी जनपद मुख्यालयों में सुरक्षा गार्ड भर्ती के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। सुरक्षा कर्मी, सुरक्षा सुपरवाइजर एवं सुरक्षा अधिकारी के पद हेतु इच्छुक बेरोजगार युवकों को प्रशिक्षण के उपरांत संस्था द्वारा स्थाई रोजगार से जोड़ा जायेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि जनपद पंचायत त्योंथर में 19 जुलाई को सुरक्षा गार्ड भर्ती के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। रोजगार मेले में 19 वर्ष से 40 वर्ष आयु के 10वीं कक्षा पास/फेल 167.5 सेंटीमीटर ऊंचाई के युवा शामिल हो सकते हैं। संस्था द्वारा 350 रूपये पंजीयन शुल्क जमा करने तथा चयनित होने के पश्चात प्रशिक्षण का व्यय 10 हजार रूपये प्रशिक्षण केन्द्र सिंगरौली पर स्वयं करना होगा।

# सीमा जयवीर सिंह समाजवादी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष बनी

**मऊगंज**

समाजवादी पार्टी की देवतालाब विधानसभा की प्रत्याशी सीमा जयवीर सिंह को मध्य प्रदेश की समाजवादी पार्टी का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाई गई हैं। समाजवादी पार्टी के बढ़ते जनाधार से सीमा जयवीर सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष बनने से पार्टी मजबूत होगी। सीमा जयवीर सिंह ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामायण सिंह पटेल, कमलेश पांडे जिला अध्यक्ष रीवा, एम खान प्रदेश महासचिव, जगदीश कुशवाहा, राकेश यादव, का आभार व्यक्त किया है और कहा कि आगामी चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।सीमा जयवीर सिंह को प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने पार्टी में रहकर बड़ी लगन, ईमानदारी और निष्ठा भाव से काम करने पर पार्टी ने भरोसा जताया है।इनकी नियुक्ति से समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को प्रदेश की कार्यकारिणी के नाम अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया है। इनकी नियुक्ति से समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है,जिनमें शंकर सिंह पिडरिया, संदीप गुप्ता, प्रकाश गुप्ता (टोनी), राजू अंसारी, विवेक द्विवेदी, अरुण सिंह, विनय सिंह, कमलाकर सिंह,तुलसीदास मिश्रा, दुर्गा सिंह,मार्तंड सिंह, अनिल सिंह, शिवम यादव, मोहम्मद सद्दाम, मोहम्मद हुसैन, कमलेश्वर सिंह, सुखेंद्र सिंह, संदीप कुशवाह, तेजभान जायसवाल, संजय उपाध्याय, पुरुषोत्तम मिश्रा, दिलराज सिंह,जयप्रकाश पांडेय, ओंकार सिंह, राघवेंद्र पटेल,राकेश यादव,विवेक वर्मा, राजेश नामदेव, जगदीश कुशवाहा, हीरालाल तिवारी, दुर्गा सिंह,मोहम्मद सद्दाम, मोहम्मद हुसैन, भागवत, दीपू कोल, विनोद कोल, जगदीश दाहिया,हरिलाल आदिवासी,मुन्ना बंसल आदि ने आज ने उज्जवल भविष्य की कामना की है और खुशी जाहिर की है1



## खबर संक्षेप

### उपचार के लिए कलेक्टर ने 1 लाख 10 हजार के आहरण की दी मंजूरी

**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने जिले के ग्राम धरहरकला पोस्ट लखौरा निवासी श्रीमती रामबाई पति राय सिंह गोंड़ के उपचार हेतु 75 हजार रुपये तथा कोतमा निवासी श्रीमती सुप्रिया जैन पति जय कुमार जैन के उपचार हेतु 35 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि के आहरण एवं संवितरण की स्वीकृति प्रदान की है।

### गुरु पूर्णिमा पर स्कूलों में दो दिवसीय कार्यक्रम होंगे आयोजित

**अनूपपुर।** जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 20 एवं 21 जुलाई को दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। कल प्रार्थना सभा के बाद प्रार्थना स्थल में शिक्षकों द्वारा गुरू पूर्णिमा के महत्व एवं पारंपरिक गुरु-शिष्य संस्कृति के विषय में बताया जाएगा। प्राचीनकाल में प्रचलित गुरूकुल व्यवस्था एवं उसका भारतीय संस्कृति पर प्रभाव विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता भी विद्यालयों में आयोजित की जायेगी। इसी प्रकार 21 जुलाई को विद्यालयों में माँ सरस्वती वंदना, गुरूजनों एवं शिक्षकों का सम्मान तथा शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा गुरू संस्मरण पर संभाषण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। 21 जुलाई को यथासंभव साधु संतो, गुरूजनों, शिक्षकों, सेवानिवृत्त शिक्षकों, पूर्व छात्रों एवं आमजनों को भी आमंत्रित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

### जिला योजना समिति के सदस्यों का निर्वाचन आज

**अनूपपुर।** योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मंत्रालय म.प्र. शासन भोपाल के निर्देशानुसार जिला योजना समिति के सदस्यों का निर्वाचन किया जाना है। इस हेतु ग्रामीण क्षेत्र के लिए जिला पंचायत के निर्वाचित सदस्यों में से 10 तथा नगरीय क्षेत्र के लिए नगरपालिका एवं नगर पंचायत के निर्वाचित सदस्यों में से 1-1 समिति के सदस्यों के निर्वाचन हेतु कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया है। ग्रामीण क्षेत्र के लिए जिला योजना समिति के सदस्यों हेतु निर्वाचन आज प्रातः 8 बजे से जिला पंचायत सभागार में तथा नगरीय क्षेत्र के लिए जिला योजना समिति के सदस्यों हेतु आज दोपहर 12 बजे से निर्वाचन होगा। कलेक्टर ने निर्वाचन का पीठासीन अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनूपपुर श्रीमती दीपशिखा भगत को नियुक्त किया है। कलेक्टर ने जिला योजना समिति के सदस्यों के निर्वाचन हेतु जिला पंचायत, नगरपालिका एवं नगर परिषद के निर्वाचित अध्यक्ष, सदस्यों की प्रमाणित सूची उपलब्ध कराने तथा पहचान पत्र जारी किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा नगरपालिका एवं नगर परिषदों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को उक्त दिवस में उपस्थित रहकर निर्वाचित सदस्यों के पहचान की पुष्टि के निर्देश दिए हैं।

### अवैध क्लीनिक एवं अस्पताल संचालन के लिए जांच, निरीक्षण दल गठित

**अनूपपुर।** जिले के अंतर्गत संचालित अवैध अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लीनिक के जांच, निरीक्षण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अपर कलेक्टर अमन वैष्णव ने अनूपपुर शहरी क्षेत्र एवं विकासखण्ड स्तर पर अधिकारियों का दल गठित किया है। अनूपपुर शहरी क्षेत्र हेतु संयुक्त कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा विकासखण्ड क्षेत्र हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजस्व, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, प्रमुख खण्ड चिकित्सा अधिकारी दल में शामिल हैं। अपर कलेक्टर ने गठित दल के सदस्यों को आपस में सम्पर्क एवं समन्वय कर अवैध रूप से संचालित अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लीनिक आदि के संबंध में समय-समय पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु निरीक्षण एवं आवश्यक कार्यवाही के संबंध में निर्देश दिए हैं।

## आबकारी इंस्पेक्टर का एक और कारनामाः शिकायत कहीं की, जांच कहीं की

# विभाग की छवि को धूमिल कर रहे आबकारी इंस्पेक्टर

**अनूपपुर। जिले में नियमों को ताक पर रखकर मनमाने दामों पर खुलेआम हो रही शराब की बिक्री पर कार्रवाई न होना चर्चा का विषय बना हुआ है। न तो किसी दुकान में रेट लिस्ट और न ही कोई नियम वही शराब माफिया मनमाने दामों पर शराब का विक्रय कर रहे हैं।**






जिले का आबकारी अमला न तो कभी दुकानों का रुख कर उनकी जांच परख कर रहा है और न ही उन पर किसी प्रकार की लगाम लगा रहा है। जिस पर मिलीभगत की चर्चा जोरों पर है। इन दिनों सबसे महंगी प्रिंट रेट से ज्यादा शराब अनूपपुर, जैतहरी व चचाई मे विक्रय किया जा रहा है। जिस कारण शराब तस्करी का अवैध कारोबार दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। बॉटल व क्वाटर व हॉफ पर अंकित रेट से ज्यादा दाम शराब माफिया वसूल रहे हैं, परंतु शिकायत के बावजूद भी संबंधित विभाग के इंस्पेक्टर चुप्पी साधे हुए है, जिस कारण शराब माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। चर्चा तो ये है कि इस सबके पीछे प्रशासनिक तौर पर दी गई छूट है, जिस कारण माफिया अपनी मनमानी पर ऊतारू है।

### मयकशों के स्वास्थ्य से खेल रहे शराब माफिया

जानकारों की मानें तो माफिया मनमाने दामों पर शराब का विक्रय कर जहां मयकशों की जेब में सरेआम डाका डाल रहे हैं। जानकारों ने बताया कि शहर की अलग-अलग दुकानों में बिकने वाली शराबों के टेस्ट में अंतर है, जिसकी कई मर्तबा लोगों ने दुकानदारों से शिकायत की लेकिन उनका साफ कहना है जैसा माल मिल रहा है, वैसा ही बेचा जा रहा है। जबकि यदि संबंधित विभाग सेम्पलिंग लेकर जांच कराये तो दूध का दूध और बड़े रैकेट का खुलासा हो सकता है।

### जानकर भी बने अंजान

अनूपपुर, चचाई, बरगवां व जैतहरी क्षेत्र के शराब दुकानों के प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक सुधीर मिश्रा की ठेकेदार से मिलीभगत के कारण यहां मनमानी चरम पर है। अन्य जगह तो दूर जिला मुख्यालय मे ही चरम पर पहुंच चुकी मनमानी पर सुधीर मिश्रा द्वारा आदेश के बावजूद किसी भी प्रकार से न तो जांच की जा रही है और न ही शिकायतों पर संज्ञान लिया जाता है। यहां तक कि ओव्हर रेट मे बिकी रही शराब की शिकायतों व सोशल मीडिया मे प्रभार क्षेत्र के शराब दुकानों के सेल्समेन से हुये बहस को अनदेखा कर दिया जाता है। जबकि उच्च कार्यालय के निर्देशानुसार ऐसे मामलों मे तुरंत संज्ञान लेकर अभियान के तहत शिकायतों का निराकरण किया जाना है।

### शिकायत अनूपपुर की, जांच चचाई मे

जिला मुख्यालय के अमरकंटक रोड स्थित शराब दुकान के बगल मे ही आबकारी विभाग का कंट्रोल रूम स्थापित है जिसके प्रभारी आबकारी इंस्पेक्टर सुधीर मिश्रा है किन्तु इसके बाद भी प्रभारी द्वारा शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण नही किया जाता बल्कि सीएम हेल्पलाइन मे शिकायत अनूपपुर दुकान की होने पर उसकी जांच चचाई मे की जाती है जिससे प्रभारी सुधीर मिश्रा की कार्यप्रणाली संदिग्ध होने के साथ साथ विभाग की छवि धूमिल होती नजर आती है। ऐसे ही एक मामले मे सुधीर मिश्रा द्वारा नाटकीय ढंग से शिकायत के निराकरण का प्रयास किया गया जो सोशल मीडिया मे तेजी से वायरल होने पर कर्मचारी के विवेक, दिमाग पर तंज कसा गया जो कई दिनों तक चर्चा का विषय बना रहा।

### यहां बनाये जाते नाबालिगों के फर्जी केस

पुष्ट सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भ्रष्टाचार के पुरोधा आबकारी उपनिरीक्षक सुधीर मिश्रा ने घर बैठकर फर्जी तरीके से नाबालिगों के शराब प्रकरण बनाने मे महारत हासिल कर लिया है। तभी तो विभाग को अपना प्रगति दिखाने के लिए मनमाने तरीके से फर्जी प्रकरण तैयार कर वाहवाही लूटी जाती है जबकि यदि इनके द्वारा विभाग को दिये गये प्रगति पत्रकों की सूक्ष्मता से जांच की जाये तो सब कुछ स्पष्ट हो जायेगा कि सुधीर मिश्रा द्वारा किस तरह से विभाग को धोखे मे रखकर गुमराह किया जा रहा है और खबर की सत्यता भी जाहिर हो जायेगी।

### विशेष अभियान भी दरकिनार

आबकारी इंस्पेक्टर सुधीर मिश्रा ने विभाग के विशेष अभियान को ठेंगा दिखाने मे कोई कोर कसर नही छोड़ी है। यहां तक कि इनके प्रभार क्षेत्र मे कई मर्तबा ओव्हर रेट मे बिक रही शराब, समय के बाद खुले शराब दुकान, पैकारी समेत, शराब दुकानों मे ग्राहकों से की जा रही अभद्रता की शिकायतें रद्दी की टोकरी मे धूल खा रही है परंतु आज तक शिकायतों का उचित व संतुष्टिपूर्वक समाधान नही किया गया बल्कि शिकायतकर्ता को ही उल्टे धमकाकर उसका मुंह शांत करा दिया जाता है।

### यहां बिक रही अवैध शराब

चचाई दुकान के अंतर्गत विवेक नगर, खुटवा, चचाई बस्ती, मेड़ियारास, खमहरिया, धिरौल, चकेठी, केल्हौरी, चिल्हारी तो अनूपपुर अंतर्गत सकरा तिराहा, छुलहा, मौहरी, तिपान खोली, सेंदुरी, परसवार, दुलहरा, पिपरिया, जमुड़ी तिराहा, अनूपपुर बस्ती, सामतपुर तो जैतहरी अंतर्गत खूंटाटोला, चांदपुर, गोरसी, गोधन, मोजर बेयर प्लांट के गेट नंबर 1 व 2, लपटा, चोरभठी, कल्याणपुर व वेंकटनगर मे खुलेआम अवैध रूप से पैकारी कर शराब बिकवाई जा रही है।

## 33 दिनों से स्थानीय रहवासियों का हाथियों ने किया जीना मुश्किल



**अनूपपुर।** हाथियों के प्रवेश को रोकने के उद्देश्य से वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार वन परिक्षेत्र जैतहरी के गोबरी बीट अंतर्गत कक्ष क्रमांक 302 का जंगल जो हाथियों के प्रवेश कर ठहराव का स्थल है भविष्य में हाथियों के प्रवेश को रोकने के उद्देश्य से खाई खुदाई जाने का कार्य प्रारंभ किया गया है एक बार फिर से एक माह से अधिक समय तक रहवास बनकर रह रहे दोनों नर हाथियों के वापस जाने की खबर से दर्जनों ग्राम के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। हाथियों के रेलवे लाइन पार कराने के उद्देश्य से वन विभाग द्वारा रेलवे प्रशासन एवं अनूपपुर तथा जैतहरी पुलिस थाना की मदद से कुछ देर के लिए आवागवन रोका गया जिससे दोनों हाथी बिना किसी नुकसान के रेलवे लाइन तथा मुख्य मार्ग पारकर आगे की ओर बढ़ गए रहे है।

## प्रेमी जोडे ने घर में लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस

कोतमा। थाना अंतर्गत कोतमा में अलग अलग जगह प्रेमी जोड़े ने अपने-अपने घरों में फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। जहां आत्महत्या किए जाने का कारण अज्ञात बताया जा रहा है। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार 17 जुलाई की सुबह ग्राम पचखुरा में अनुराग यादव पिता संतोष यादव उम्र 20 वर्ष ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। जिसकी सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना स्थल एवं शव का निरीक्षण करते हुए पंचनामा तैयार करते हुए शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा गया। पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। जहां अनुराग यादव के फांसी लगाये जाने के कुछ देर बाद ग्राम लालपुर निवासी प्रियंका उर्फ सत्या पिता संतोष कुमार यादव उम्र 20 वर्ष ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस एवं एफएसएल की टीम ने घटना स्थल सहित शव का निरीक्षण कर पंचनामा तैयार करते हुए शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा। पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं मामले में पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है। आसपास के लोगो में जनचर्चा है कि दोनो में प्रेम प्रसंग था तथा युवक के फांसी लगने की सूचना मिलते ही युवती ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फिलहाल पुलिस दोनो के मोबाइल फोन का कॉल डिटेल सहित अन्य जांचों में जुटी हुई है।

### इनका कहना

अलग अलग दो जगह आत्महत्या करने के मामले आये है। दोनों के मोबाइल नंबर के कॉल डिटेल खंगाले जा रहे हैं। सीडीआर आने के बाद मामले में कुछ कह पायेंगे।

**सुंद्रेश मरावी**
**थाना प्रभारी कोतमा**

## जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता मे 80 विद्यालयों का हुआ पंजीयन

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा प्रदेश के 9वीं से 12वीं कक्षा के अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रतियोगिता के माध्यम से प्रदेश के समृद्ध शाली इतिहास, परम्पराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक रंगों, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरूषों, पर्यटन महत्व की संभावनाओं आदि से परिचित और जागरूक करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय प्रथम चरण की प्रतियोगिता 27 जुलाई को आयोजित की जा रही है। जिला स्तरीय विजेता टीम प्रतियोगिता के दूसरे चरण राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के समस्त शासकीय/ अर्द्धशासकीय एवं अन्य बोर्ड के विद्यालयों के प्राचार्य/ प्रबंधक द्वारा विद्यालय के अध्ययनरत चयनित तीन विद्यार्थियों की गठित टीम को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये 8 जून से 14 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीयन मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की वेब साइट पर किये गए हैं। अब तक अनूपपुर में 80 विद्यालयों द्वारा प्रतियोगिता के लिए पंजीयन किया गया है। जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 27 जुलाई को मध्य प्रदेश के समस्त 52 जिलों में 52 सेंटरों पर एक साथ होगा। प्रत्येक जिले की प्रथम तीन विजेता टीमों में से सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली टीम प्रतियोगिता के दूसरे और अंतिम चरण राज्य स्तरीय क्विज-2024 में भाग लेंगी। प्रतियोगिता की तीन विजेता टीमों और तीन उप विजेता टीमों को निःशुल्क टूर पैकेज और अन्य पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता भोपाल में आयोजित होगी।

## दोपहिया वाहन चोरी के गिरोह का जैतहरी पुलिस ने किया पदार्फाश

### 1 लाख रूपये कीमती आरोपी के कब्जे से 3 दोपहिया वाहन जप्त

**अनूपपुर।** माखन लाल पिता भद्दू राठौर उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम धनगवां (दरीटोला) थाना जैतहरी के द्वारा 11 जुलाई को थाना जैतहरी में इस आशय की सूचना दी गयी कि 10.07.2024 को वह अपने रिश्तेदारी में ग्राम क्योंटार गया था। जहॉ से आवेदक की मोटर सायकल क्र. सीजी 10 ए.के.1397 को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लिया गया है। उक्त सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी जैतहरी निरीक्षक पी.सी.कोल के द्वारा अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्र. 303/24 धारा 303 भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में अनुसंधान के दौरान 16.07.2024 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि शुभम सिंह राठौर पिता रामखेलावन राठौर उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम भदौरा थाना गौरेला अपने साथी सागर राठौर के साथ चोरी की बाइक बेचने के फिराक में इधर उधर घूम रहे है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेन्द्र सिंह पवांर के द्वारा थाना प्रभारी जैतहरी के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया। जिस पर थाना प्रभारी जैतहरी की टीम के द्वारा आरोपी शुभम सिंह राठौर पिता रामखेलावन राठौर उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम भदौरा थाना गौरेला को गिरफ्तार कर लिया गया तथा अन्य आरोपी सागर राठौर मौके से फरार हो गया। पूछताछ के दौरान आरोपी के द्वारा अपना जर्म स्वीकार कर लिया है। पुलिस के द्वारा



आरोपी के कब्जे से 02 और मोटर साइकिल बरामद किया गया है। पुलिस के द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही हैं एवं प्रकरण में विवचेना जारी है। संपूर्ण कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवांर के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मो.इसरार मन्सूरी एवं एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी जैतहरी निरीक्षक प्रकाश चन्द्र कोल के नेतृत्व मंर उनि. विपुल शुक्ला, सउनि. मणिराज सिंह, रविशंकर गुप्ता, प्रधान आरक्षक विनोद पटेल एवं आरक्षक अनिल कोल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर ने इस कार्यवाही में सक्रिय भूमिका निर्वहन करने वाले पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों को यथायोग्य इनाम से पुरुस्कृत करने की घोषणा की है।

## जनप्रतिनिधियों को राजस्व महा-अभियान से अवगत कराने बैठक सम्पन्न

अनूपपुर। राजस्व महा-अभियान 2.0 के तहत जनप्रतिनिधिगणों को अभियान के संबंध में जानकारी देने के उद्देश्य से अनुभाग स्तर पर बैठक का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत अनुभाग कोतमा की बैठक एसडीएम अजीत तिर्की, जनपद अध्यक्ष, तहसीलदार ईश्वर प्रधान तथा अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। इसी तरह अनुभाग अनूपपुर की बैठक जनप्रतिनिधियों तथा नायब तहसीलदार मंगलादास चक्रवर्ती की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में राजस्व महा-अभियान 2.0 के क्रियान्वयन तथा अभियान अंतर्गत 18 जुलाई से 31 अगस्त तक किए जाने वाले राजस्व संबंधी कार्यों के संबंध में प्रकाश डाला गया।



### राजस्व महा-अभियान की हुई शुरूआत

राज्य शासन द्वारा राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए राजस्व महा-अभियान 2.0 की शुरूआत की गई है। किसानों की सुविधा और लंबित राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के लिए 18 जुलाई से 31 अगस्त तक यह अभियान संचालित किया जा रहा है। किसानों और आम जन की सुविधा के लिए पटवारी और मैदानी अमला मुख्यालय पर रहेंगे। अभियान में अविवादित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण 30 दिन में, विवादित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण 125 दिन में किया जाएगा। बंटवारा प्रकरणों के निराकरण की समय-सीमा 90 दिन है और सीमांकन प्रकरणों को 45 दिन में सुलझाने के निर्देश दिए गए हैं। नक्शे में तरमीम का कार्य सतत जारी रहेगा। अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। राजस्व महा-अभियान 2.0 के तहत एक अगस्त से 15 सितम्बर तक फसलों का डिजिटल (क्राप सर्वेक्षण) किया जाएगा। किसानों के खेत पर जाकर फसल का फोटो खींचकर जानकारी अद्यतन की जाएगी। राजस्व महा-अभियान में निःशुल्क समग्र ई-केवायसी और समग्र से खसरे की लिंकेज की सुविधा दी जा रही है।

## नशामुक्ति अभियान के क्रियान्वयन के लिए समिति गठित

**अनूपपुर।** नशीले पदार्थों तथा शराब के सेवन से नशामुक्ति हेतु सतत नशामुक्ति अभियान के सक्रिय क्रियान्वयन एवं कार्यक्रम का सुचारू रूप से संचालन/आयोजन किए जाने हेतु कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने जिला स्तरीय एवं अनुभाग स्तरीय समिति का गठन किया है। जिला स्तरीय नशामुक्ति अभियान समिति के अध्यक्ष कलेक्टर होंगे। पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, वन मण्डलाधिकारी, महिला बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला योजना अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, जिला जनसम्पर्क अधिकारी, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की सहायक संचालक, शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी, जिला शिक्षा केन्द्र के जिला परियोजना समन्वक, मुख्य नगरपालिका अधिकारी अनूपपुर, जी.एस. हितकारिणी समि. गोविंदा कॉलरी कोतमा के सचिव तथा जी.एस. हितकारिणी समि. गोविंदा कॉलरी कोतमा के संयुक्त सचिव को जिला स्तरीय नशामुक्ति अभियान समिति का सदस्य बनाया गया है। सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक जिला स्तरीय नशामुक्ति अभियान समिति के सदस्य/सचिव बनाए गए हैं। अनुभाग स्तरीय नशामुक्ति अभियान समिति के अध्यक्ष अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) होंगे। अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), अनुविभागीय अधिकारी (वन), जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, महिला बाल विकास के परियोजना अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी अनुभाग स्तरीय नशामुक्ति अभियान समिति के सदस्य बनाए गए हैं। समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी को अनुभाग स्तरीय नशामुक्ति अभियान समिति का सदस्य/सचिव बनाया गया है।

## अमरकंटक को धर्म नगरी बनाए रखने का हो प्रयास - बाबा कल्याण दास

### हिमाद्री सिंह ने मां नर्मदा के दर्शन कर लिया संतों का आशीर्वाद

**अमरकंटक।** शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह विजय श्री प्राप्त करने के पश्चात पहली बार पवित्र नगरी अमरकंटक पहुंचकर मां नर्मदा जी के पूजन कर प्रवेश एवं देश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की एवं दर्शन उपरांत अमरकंटक नगर के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात कर अमरकंटक की समस्याओं से अवगत हुई एवं प्रशासन को समस्याओं को निराकरण करने के लिए निर्देश भी दिए तत्पश्चात चुकी अमरकंटक संतों की नगरी है और कोई भी जनप्रतिनिधि अमरकंटक आए और संतों का आशीर्वाद प्राप्त न करें ऐसा नहीं हो सकत। इस परंपरा को निर्वहन करते हुए अमरकंटक के प्रमुख आश्रमों में से शांति कुटी आश्रम पहुंचकर श्री महंत राम भूषण दास जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं धारकुंडी आश्रम पहुंचकर स्वामी लवलीन महाराज जी का आशिर्वाद प्राप्त कर कल्याण सेवा आश्रम पहुंची जहां पर कल्याण सेवा आश्रम के प्रबंध न्यासी स्वामी हिमाद्री मुनि जी स्वामी जगदीशानंद जी महाराज स्वामी हर स्वरूप जी महाराज व स्वामी धमानंद जी महाराज ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। स्वागत उपरांत बाबा कल्याण दास जी महाराज जी से आशीर्वाद ग्रहण किया एवं बाबा जी से अमरकंटक के विकास व पर्यावरण संरक्षण संबंधित विषयों पर चर्चा हुई जिसमें बाबा जी ने सांसद से कहा कि अमरकंटक को धर्म नगरी ही रहने दिया जाए जिससे हमारी आस्था जुड़ी है। ईको पर्यटन नगरी के रूप में प्रचारित वह विकसित न किया जाए अमरकंटक बहुत ही पूर्ण नगर है जहां देश-विदेश एवं पूरे प्रदेश से दर्शनार्थी पूरे वर्ष मां नर्मदा के दर्शन करने आते हैं। यहां पर धार्मिक आस्थाएं भी जुड़ी हैं धार्मिक परंपराएं भी जुड़ी हैं इसलिए अमरकंटक को धार्मिक नगरी या धर्म की नगरी के रूप में ही विकसित करने की प्रयास किया जाए सांसद जी ने भी बाबा जी के बातों को ग्रहण करते हुए कहा कि प्रशासन से इस विषय पर चर्चा कर इसको धर्म नगरी के रूप में ही विकसित करने का प्रयास किया जाएगा।



### सांसद ने किया वृक्षारोपण

पिछले सप्ताह कल्याण शिव आश्रम के द्वारा हजार वृक्ष मां नर्मदा के नाम पर एक वाटिका का निर्माण किया गया था जिसका अवलोकन शहडोल की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह के द्वारा किया गया एवं मध्य प्रदेश के राजकीय वृक्ष बरगद का वृक्षारोपण भी उनके द्वारा किया गया। इस दौरान सांसद महोदय के साथ नगर के वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी के नेताओं में अंबिका प्रसाद तिवारी रामगोपाल द्विवेदी बबीता सिंह रोशन पनारिया प्रकाश द्विवेदी समीर मानिकपुरी नर्मदा सिंह सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।